# 19 राजस्थान में सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन

1. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए–

| संस्थाएँ | राज्य |
|---|---|
| A. आजाद मोर्चा | i. कोटा 1918 |
| B. मारवाड़ लोक परिषद् | ii. जयपुर 1942 |
| C. मारवाड़ सेवा संघ | iii. जोधपुर 1938 |
| D. प्रजा प्रतिनिधि सभा | iv. जोधपुर 1920 |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(3)

2. निम्न में से कौन एक 'मारवाड़ लोक परिषद्' जोधपुर के सदस्य नहीं रहे है?
(1) इन्द्रमल जैन　　(2) चाँदकरण शारदा
(3) बलवंत सिंह मेहता　　(4) मथुरादास माथुर　　(3)

**व्याख्या–** मारवाड़ लोक परिषद् की स्थापना जोधपुर में मई 1938 में जयनारायण व्यास की प्रेरणा से हुई। इंद्रमल जैन, चाँदकरण शारदा, अभयमल जैन, अचलेश्वर प्रसाद शर्मा व मथुरादास माथुर इसके सदस्य थे।

3. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| सामाजिक संस्थाएँ | राज्य |
|---|---|
| A. देशी हितैषणी सभा | i. 1910 |
| B. वागड़ सेवा मंदिर | ii. 1935 |
| C. वीर भारत सभा | iii. 1918 |
| D. मारवाड़ हितकारिणी सभा | iv. 1877 |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | ii | i | iii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

4. निम्नलिखित में से किस सामाजिक संस्था को 'चूरू की काँग्रेस' नाम से भी जाना जाता है?
(1) अमर सेवा समिति　　(2) सर्वहितकारिणी सभा
(3) प्रजाप्रतिनिधि सभा　　(4) आजाद मोर्चा　　(2)

5. अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् के बारे में कौनसा/कौनसे कथन सत्य नहीं है?
(1) इस परिषद् की स्थापना 1927 ई. में कोलकात्ता में की गई।
(2) इसके प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता दीवान बहादूर रामचन्द्र राव द्वारा की गई।
(3) इस संस्था में राजस्थान में 7 सदस्य लिए गए थे, जिसमें नयूनराम शर्मा, शंकरलाल शर्मा, जयनारायण व्यास आदि शामिल थे।
(4) इसका सातवां अधिवेशन 1945–46 ई. में उदयपुर में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई।
कूट का चयन कर उत्तर का चयन करें–
(A) केवल 1　　(B) 1 व 4
(C) केवल 4　　(D) इनमें से कोई नहीं　　(1)

**व्याख्या–** अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् की स्थापना 1927 में बंबई में की गई थी।

6. जयनारायण व्यास द्वारा पुनर्गठित 'मारवाड़ हितकारिणी सभा' की स्थापना पूर्व में किस नाम से की गई थी?
(1) मारवाड़ कल्याण सभा　　(2) मारवाड़ सेवा संघ
(3) मारवाड़ समाज सेवा　　(4) मरुधर हितकारिणी सभा　　(4)

7. निम्नलिखित में से किस संस्था का संचालन वर्षो तक बलवंत सिंह मेहता द्वारा किया गया, जिससे लोगों में स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता प्रेम की भावना का संचार हुआ?
(1) प्रताप सभा – उदयपुर
(2) विद्या प्रचारिणी सभा – उदयपुर
(3) प्रजा प्रतिनिधि सभा – कोटा
(4) आजाद मोर्चा – जयपुर　　(1)

8. मारवाड़ लोक परिषद् की स्थापना जयनारायण व्यास की प्रेरणा से 1938 ई. में की गई, इसके प्रथम अध्यक्ष निम्न में से कौन थे?
(1) जयनारायण व्यास　　(2) रामनारायण चौधरी
(3) रणछोड़दास गट्टानी　　(4) भँवरलाल सर्राफ　　(3)

9. हल्दीघाटी मेले के आयोजन की शुरुआत किस संस्था अथवा संघ द्वारा की गई थी?
(1) विद्या प्रचारिणी सभा – चित्तौड़गढ़
(2) प्रताप सभा – उदयपुर
(3) महिला मण्डल – उदयपुर
(4) वनवासी सेवा संघ – डूँगरपुर　　(2)

**व्याख्या–** प्रताप सभा – इस सभा का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता प्रेम की भावना पैदा करना था। प्रताप सभा ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाने व हल्दीघाटी मेले के आयोजन की शुरुआत की।

10. निम्नलिखित संस्थाओं में से किस संस्था द्वारा (जो एक पाठशाला की तरह संचालित थी) बिजोलिया किसान आंदोलन के दौरान स्वयं सेवक तैयार किए गए?
(1) विद्या प्रचारिणी सभा – चित्तौड़गढ़
(2) प्रजा प्रतिनिधि सभा – कोटा
(3) राजपूताना मध्य भारत सभा – दिल्ली
(4) अमर सेवा संघ – चिड़ावा　　(1)

11. निम्नलिखित में से कौनसा एक सुमेलित नहीं है–

| संस्था | स्थान |
|---|---|
| (1) आचार सुधारिणी सभा | – धौलपुर |
| (2) होमरूल लीग | – ब्यावर |
| (3) आदिवासी संघ | – डूँगरपुर |
| (4) हाड़ौती सेवा संघ | – बूँदी |

(3)

व्याख्या– आदिवासी सेवा संघ की स्थापना 1923 ई. में पण्डित हरिनारायण शर्मा द्वारा अलवर में की गई थी।

12. 1925 से लेकर 1938 ई. तक राजस्थान चरखा संघ के अध्यक्ष निम्न में से कौन रहे हैं?
(1) जमनालाल बजाज (2) जयनारायण व्यास
(3) स्वामी गोपालदास (4) ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु (1)

व्याख्या– सेठ जमनालाल बजाज ने 1925 में अजमेर में चरखा संघ की स्थापना की। जिसे 1927 में जयपुर स्थानान्तरित कर दिया गया। 1925 से लेकर 1938 तक जमनालाल बजाज ही चरखा संघ के अध्यक्ष रहे।

13. निम्नलिखित में से किस संस्था की स्थापना जयनारायण व्यास ने अपने निवास स्थान पर की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य मारवाड़ में नागरिक अधिकारों की स्थापना करना व राज्य की दमनकारी नीति का दमन करना था?
(1) मारवाड़ सेवा संघ (2) मारवाड़ यूथ लीग
(3) मारावाड़ हितकारिणी सभा (4) मारवाड़ लोक परिषद् (2)

14. उदयपुर में महिला मण्डल की स्थापना कब किसके द्वारा की गई थी?
(1) 1935, जौहरीलाल इंदु (2) 1934, दयाशंकर श्रोत्रिय
(3) 1934, जौहरीलाल इंदु (4) 1935, दयाशंकर श्रोत्रिय (4)

व्याख्या– उदयपुर में दयाशंकर श्रोत्रिय ने नवंबर 1935 में महिला मंण्डल की स्थापना की। इस संस्था ने महिलाओं में राजनीतिक चेतना व राष्ट्रीय भावना का विकास किया।

15. भरतपुर में हिन्दी साहित्य समिति द्वारा 1927 ई. में निम्न में से किसकी अध्यक्षता में 'विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन करवाया गया?
(1) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (2) जगन्नाथ दास अधिकारी
(3) पं. गौरीशंकर हीराचंद औझा (4) हीरालाल शास्त्री (3)

16. चैम्बर ऑफ प्रिंसेज का प्रथम चांसलर कौन था ?
(1) ड्यूक ऑफ कनाट (2) महाराजा गंगासिंह
(3) वायसराय लॉर्ड वेवेल (4) महाराजा सार्दुल सिंह (2)

17. 'नवीन राजस्थान' जिसका प्रकाशन विजय सिंह पथिक द्वारा 1922 ई. में किया गया, प्रतिबंधित होने के बाद इसे 'तरुण राजस्थान' से प्रकाशित किया गया?
(1) 1923 (2) 1926
(3) 1927 (4) 1929 (1)

18. सुमेलित कीजिए–

| समाचार–पत्र | सम्पादक |
|---|---|
| A. रोजतुल तामिल | i. पं. रामसहाय शर्मा |
| B. आर्य मार्तण्ड | ii. कन्हैयालाल |
| C. त्याग भूमि | iii. जयनारायण व्यास |
| D. आगीबाण | iv. पं. हरिभाऊ उपाध्याय |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

19. राजस्थान का प्रथम प्रकाशित होने वाला समाचार–पत्र 'महरूल सरूर' किस वर्ष प्रकाशित हुआ?
(1) 1842 (2) 1856
(3) 1866 (4) 1849 (4)

व्याख्या– यह राजस्थान का प्रथम समाचार पत्र था। यह 1849 ई. में भरतपुर से 'महरूल सरूर' के नाम से प्रकाशित हुआ। यह द्विभाषी (उर्दू व हिन्दी) समाचार पत्र था।

20. पश्चिमी राजस्थान में प्रकाशित होने वाला प्रथम समाचार पत्र 'मारवाड़ गजट' किस वर्ष प्रकाशित हुआ?
(1) 1866 (2) 1836
(3) 1882 (4) 1885 (1)

व्याख्या– यह पश्चिमी राजस्थान में प्रकाशित होने वाला प्रथम समाचार पत्र था, जो अगस्त 1866 में जोधपुर से प्रकाशित हुआ। यह द्विभाषी (उर्दू व हिन्दी) समाचार पत्र था।

21. निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

| संस्था | संस्थापक |
|---|---|
| (1) श्री ब्रज जन प्रतिनिधि समिति | – महाराजा बृजेन्द्र सिंह |
| (2) बीकानेर समिति | – रघुवर दयाल गोयल |
| (3) मारवाड़ राज्य लोक परिषद | – आनन्दराज सुराणा |
| (4) भरतपुर राज्य प्रजा संघ | – मोतीलाल यादव |

(2)

व्याख्या– बीकानेर समिति की स्थापना 1944 ई. में महाराजा सार्दुल सिंह द्वारा की गई थी।

22. निम्न में से किस समाचार–पत्र के सम्पादक के रूप में बालकृष्ण उपाध्याय का नाम छपता था, लेकिन इसके वास्तविक सम्पादक जयनारायण व्यास थे?
(1) नवज्योति (2) नवजीवन
(3) आगीबाण (4) त्यागभूमि (3)

23. निम्न में से कौनसा एक समाचार–पत्र व उसके सम्पादक से संबंधित सही नहीं है?

| | |
|---|---|
| (1) प्रताप | – गणेश शंकर विद्यार्थी |
| (2) अखण्ड भारत | – जयनारायण व्यास |
| (3) संग्राम | – रामकरण जोशी |
| (4) जयभूमि | – गुलाबचंद काला |

(3)

व्याख्या– 'संग्राम समाचार–पत्र के सम्पादक भूपेन्द्र त्रिवेदी थे जिन्होंने 1939 ई. में बम्बई से इस समाचार–पत्र को प्रारंभ किया था।

24. निम्न में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| संस्थान | संस्थापक |
|---|---|
| (1) सेवा संघ | – भोगीलाल पाण्ड्या |
| (2) राजस्थान सेवक मण्डल | – शोभालाल गुप्त |
| (3) डूँगरपुर सेवा संघ | – भोगीलाल पाण्ड्या |
| (4) वाल्मिकी संघ | – हरिभाऊ उपाध्याय |

(4)

**व्याख्या–** वाल्मिकी संघ की स्थापना भोगीलाल पाण्ड्या द्वारा की गई थी।

25. चित्तौड़गढ़ के बिजौलिया में स्थापित 'विद्या प्रचारिणी सभा' जो एक पाठशाला के रूप में कार्य करती थी, विजय सिंह पथिक ने इसके संचालन का दायित्व किस वर्ष संभाला था?
(1) 1911 (2) 1909
(3) 1916 (4) 1918 (3)

26. हाड़ौती सेवा संघ की कब व किसने की?
(1) 1920 – हरिनारायण शर्मा (2) 1925 – नयनूराम शर्मा
(3) 1925 – हरिनारायण शर्मा (4) 1920 – नयनूराम शर्मा (2)

27. राजस्थान में बालिकाओं की शिक्षा हेतु 1932 ई. में जयकन्या विद्यालय की स्थापना किसने की थी?
(1) रामनारायण चौधरी (2) हरिनारायण चौधरी
(3) हीरालाल शास्त्री (4) जयनारायण व्यास (4)

28. निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

| समाचार-पत्र | स्थान |
|---|---|
| (1) राजस्थान पत्रिका | – अजमेर |
| (2) हिन्दू समाचार | – दिल्ली |
| (3) जयभूमि | – अजमेर |
| (4) प्रताप | – कानपुर |

(3)

**व्याख्या–** 'जयभूमि समाचार-पत्र' की स्थापना गुलाबचंद काला द्वारा जयपुर में की गई थी।

29. निम्न में से 'राजपूताना मालवा टाइम्स व राजस्थान पत्रिका' के संस्थापक थे?
(1) बक्शी लक्ष्मणदास (2) पं. वासुदेव शर्मा
(3) शम्भूदयाल सक्सेना (4) श्यामलाल शर्मा (1)

30. राजस्थान में नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब की गई थी?
(1) 1940 (2) 1934
(3) 1941 (4) 1945 (2)

**व्याख्या–** धौलपुर में नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना 1934 में ज्वाला प्रसाद जिज्ञासु व जौहरी लाल इन्दु ने की थी।

31. जनजातियों को 'आदिवासी' नाम किसके द्वारा दिया गया था?
(1) विजय सिंह पथिक (2) गोविन्द गिरी
(3) ठक्कर बापा (4) जयनारायण व्यास (3)

**व्याख्या–** अमृतलाल विठ्ठल दास ठक्कर (ठक्कर बापा) ने 1922 में भील सेवा मंडल की स्थापना की। इस संस्था ने भीलों की स्थिति सुधारने के लिए कार्य किया। ठक्कर बापा ने ही जनजातियों को आदिवासी नाम दिया।

32. देश हितैषणी सभा की स्थापना के समय मेवाड़ (उदयपुर) के शासक थे?
(1) भीम सिंह (2) सज्जन सिंह
(3) भूपाल सिंह (4) अमर सिंह द्वितीय (2)

33. चूरू में सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला तथा हरिजन वर्ग की शिक्षा हेतु कबीर पाठशाला की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(1) स्वामी गोपालदास (2) भोगीलाल पाण्ड्या
(3) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (4) मास्टर कन्हैयालाल (1)

**व्याख्या–** स्वामी गोपालदास ने चुरू में बालिका शिक्षा के लिए 1912 में 'सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला' तथा हरिजन वर्ग की शिक्षा के लिए 'कबीर पाठशाला' की स्थापना की।

34. निम्न में से किस संस्था की स्थापना मारवाड़ की जनता में राजनीतिक जागृति पैदा करने व राज्य के अधिकारियों तथा जागीरदारों के अन्यायों के विरोध करने हेतु की गई थी?
(1) मारवाड़ सेवा संघ
(2) अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद्
(3) राजपूताना सेवा संघ
(4) मारवाड़ प्रजा प्रतिनिधि सेवा समिति (1)

35. राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन के समय कौनसा शहर पत्रकारिता का प्रमुख केन्द्र था?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) अजमेर (4)

36. राजस्थान पत्रकारिता के 'भीष्म पितामह' किसे कहा जाता है?
(1) पण्डित झाबरमल शर्मा (2) भोगीलाल पाण्ड्या
(3) चांदमल सुराणा (4) माणिक्यलाल वर्मा (1)

37. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| समाचार पत्र | संपादक |
|---|---|
| A. राजपूताना गजट | i. मौलवी मुराद अली |
| B. राजस्थान समाचार | ii. मुंशी समर्थदान |
| C. लोकवाणी | iii. पंडित राम प्रताप |
| D. सर्वहित | iv. देवी शंकर तिवाड़ी |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(1)

38. 1927 में वनस्थली गाँव में राजस्थान राज्य के पहले मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री ने ग्रामीण पुनर्निर्माण के कार्यक्रम को लागू करने के लिए समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं के समुह को प्रशिक्षित करने हेतु निम्नलिखित में से किसकी स्थापना की गई ?
(1) ग्राम कुटीर (2) जीवन आश्रम
(3) जीवन कुटीर (4) गाँधी आश्रम (3)

39. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है–

(1) मारवाड़ लोक परिषद् – 1938(जोधपुर)

(2) सद्विद्या प्रचारिणी सभा – 1920(बीकानेर)

(3) मारवाड़ सेवा संघ – 1920(जोधपुर)

(4) सर्वहितकारिणी सभा – 1905(चुरू) (4)

**व्याख्या–** सर्वहितकारिणी सभा की स्थापना 1907 में चुरू में की गई थी।

40. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित है–

(1) जैन शिक्षा प्रचारक समिति – 1905(जोधपुर)

(2) भरतपुर विद्यार्थी परिषद् – 1920(बीकानेर)

(3) माहेश्वरी नवयुवक मंडल – 1932(जैसलमेर)

(4) प्रजा मंडल प्रगतिशील दल – 1941(चुरू) (3)

**व्याख्या–** जैन शिक्षा प्रचारक समिति की स्थापना 1905 में जयपुर में अर्जुनलाल सेठी द्वारा की गई। भरतपुर विद्यार्थी परिषद् की स्थापना 1920 में भरतपुर में गोपाल लाल यादव व जुगल किशोर चतुर्वेदी द्वारा की गई तथा प्रजा मंडल प्रगतिशील दल की स्थापना 1940 में जयपुर में चिरंजीलाल अग्रवाल द्वारा की गई थी।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication